# अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले

Question 1.
इस्लाम में कुत्तों को क्या समझ जाता है?
(a) अच्छा
(b) रखवाला
(c) चुस्त प्राणी
(d) गंदा

▼ Answer

Answer: (d) गंदा।

---

Question 2.
पक्षी बस्तियों से क्यों चले गए?
(a) पेड़ कटने के कारण
(b) अपना आश्रय छिन जाने के कारण
(c) प्रदूषण के कारण
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 3.
हज़रत मुहम्मद को कौन-सा पक्षी प्रिय है?
(a) कबूतर
(b) मोर
(c) मैना ।
(d) कोयल

▼ Answer

Answer: (a) कबूतर।

---

Question 4.
लेखक की माँ ने दिनभर रोजा क्यों रखा?
(a) रमजान के कारण
(b) कबूतर का अंडा टूट जाने के कारण
(c) बिल्ली द्वारा रास्ता काटे जाने के कारण
(d) झूठ बोलने के कारण

▼ Answer

Answer: (b) कबूतर का अंडा टूट जाने के कारण।

---

Question 5.
कबीर या मिर्जा को सताने से लेखक का क्या आशय है?
(a) कबीर और मिर्जा को तंग करना ।
(b) कबीर या मिर्जा से बेतुके प्रश्न पूछना
(c) कबीर या मिर्जा द्वारा लिखी पुस्तकों पर बैठकर उन्हें गंदा करना
(d) कबीर या मिर्जा की शायरी का मजाक उड़ाना

▶ Answer

---

Question 6.
सोलोमन की क्या विशेषता बताई गई है ?
(a) वह मनुष्यों के दिल की बात समझ लेना था
(b) वह अनेक भाषाओं का विद्वान था
(c) वह सभी जीव-जंतुओं की जुबान समझता था
(d) वह एक बादशाह था

▼ Answer

Answer: (c) वह सभी जीव-जंतुओं की जुबान समझता था।

---

Question 7.
'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुःखी होने वाले' पाठ के लेखक कौन हैं?
(a) कैफ़ी आज़मी
(b) निदा फ़ाजली
(c) रवीन्द्र केलकर
(d) हबीब तनवीर

▼ Answer

Answer: (b) निदा फाजली।

---

Question 8.
सुलेमान कितने वर्ष पहले बादशाह थे?
(a) 1025 वर्ष पहले
(b) 2025 वर्ष पहले
(c) ईसा से 1025 वर्ष पहले
(d) 2000 वर्ष पहले

▼ Answer

Answer: (c) ईसा से 1025-वर्ष पहले।

---

Question 9.
रास्ते में किसने घोड़ों की टापों की आवाज़ सुनकर कहा कि अपने-अपने बिलों में चलो।
(a) चींटियों ने
(b) चूहों ने
(c) बिल्लियों ने
(d) कॉकरोचों ने

▼ Answer

Answer: (a) चींटियों ने।

---

Question 10.
'शेख अयाज' किस भाषा के महाकवि थे?
(a) हिन्दी
(b) मुलतानी
(c) अरबी
(d) सिंधी

▼ Answer

Answer: (d) सिंधी।

---

Question 11.
शेख अयाज ने खाना खाते समय अपने बाजू पर क्या देखा?
(a) तिलक का निशान
(b) छोटा-सा जख्म
(c) एक च्योटे को रेंगते हुए
(d) एक कॉकरोच को

▼ Answer

Answer: (c) एक च्योंटे को रेंगते हुए देखा।

---

Question 12.
'लशकर' को 'नूह के लकब से' क्यों याद किया जाता है ?
(a) वे बहुत परोपकारी थे
(b) वे जीवन भर रोते रहे
(c) वे किसी की सहायता नहीं करते थे ।
(d) वे बहुत धनवान थे ।

▼ Answer

Answer: (b) वे जीवन भर रोते रहे।

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

दुनिया कैसे वजूद में आई? पहले क्या थी? किस बिंदु से इसकी यात्रा शुरू हुई? इन प्रश्नों के उत्तर विज्ञान अपनी तरह से देता है, धार्मिक ग्रंथ अपनी-अपनी तरह से। संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं हैं। पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है। यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं। पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था। अब टुकड़ों में बँटकर एक-दूसरे से दूर हो चुका है। पहले बड़े-बड़े दालानों-आँगनों में सब मिल-जुलकर रहते थे, अब छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है। बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है, पेड़ों को रास्तों से हटाना शुरू कर दिया है, फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है। बारूदों की

विनाशलीलाओं ने वातावरण को सताना शुरू कर दिया। अब गरमी में । ज्यादा गरमी, बेवक्त की बरसातें, जलजले, सैलाब, तूफ़ान और नित नए रोग, मानव और प्रकृति के इसी असंतुलन के परिणाम हैं। नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है।

Question 1.
मानव जाति ने अपनी बुद्धि से क्या किया है?
(a) प्रकृति और मानव के बीच बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी
(b) प्रकृति का पोषण किया
(c) जीव-जंतुओं को बढ़ावा दिया
(d) दुनिया को वजूद में लाया

▼ Answer

Answer: (a) प्रकृति और मानव के बीच बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी।

---

Question 2.
पहले पूरा संसार किस प्रकार रहता था?
(a) लड़ाई-झगड़े करता था
(b) एक परिवार की तरह रहता था
(c) एक समुदाय की तरह से रहता था
(d) पशुओं की तरह रहता है

▼ Answer

Answer: (b) एक परिवार की तरह रहता था
एक परिवार की तरह।

---

Question 3.
अब जीवन कैसे घरों में सिमटने लगा?
(a) विशाल घरों में
(b) वातानुकूलित घरों में
(c) हवादार घरों में
(d) डिब्बानुमा घरों में

▼ Answer

Answer: (d) डिब्बानुमा घरों में
डिब्बेनुमा।

---

Question 4.
गरमी, सरदी, सैलाब आदि किसका परिणाम हैं? ||
(a) मौसम की खराबी का
(b) पर्यावरण की स्वच्छता का
(c) मानव और प्रकृति के असंतुलन का
(d) नेचर की सहन शक्ति का

▼ Answer

Answer: (c) मानव और प्रकृति के असंतुलन का।

Question 5.
इस धरती में किसकी अधिक हिस्सेदारी हैं?
(a) मानव की
(b) पशु की
(c) पक्षी की
(d) धरती पर रहने वाले सभी की

▼ Answer

Answer: (d) धरती पर रहने वाले सभी की।

---

(2)

बाइबिल के सोलोमेन जिन्हें कुरआन में सुलेमान कहा गया है, ईसा से *1025* वर्ष एक बादशाह थे। कहा गया है, वह केवल मानव जाति के ही राजा नहीं थे, सारे छोटे-बड़े पशु-पक्षी के भी हाकिम थे। वह इन सबकी भाषा भी जानते थे। एक दफा सुलेमान अपने लश्कर के साथ एक रास्ते से गुजर रहे थे। रास्ते में कुछ चींटियों ने घोड़ों की टापों की आवाज़ सुनी तो डर कर एक-दूसरे से कहा- 'आप जल्दी से अपने-अपने बिलों में चलो, फौज आ रही है।' सुलेमान उनकी बातें सुनकर थोड़ी दूर पर रुक गए और चींटियों से बोले, 'घबराओ नहीं, सुलेमान को खुदा ने सबका रखवाला बनाया है। मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ, सबके लिए मुहब्बत हूँ।'

Question 1.
पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- पाठ : अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले।
- लेखक : निदा फाजली।

---

Question 2.
इस गद्यांश में किस बादशाह का उल्लेख है ? वे कब बादशाह हुए ?

▼ Answer

Answer:
संकेत:

- सुलेमान का उल्लेख है।
- वे ईसा से 1025 वर्ष पहले हुए।

---

Question 3.
सुलेमान की क्या विशेषता थी?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- वे मानव जाति के राजा होने के साथ-साथ सभी पशु-पक्षियों के हाकिम भी थे।
- वे सभी जीव जंतुओं की भाषा समझते थे।

---

Question 4.
बादशाह सुलेमान ने चींटियों की बातें सुनकर क्या किया?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- सुलेमान ने सभी चींटियों को आश्वस्त किया कि मैं किसी को हानि नहीं पहँचाऊँगा।
- मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं, मुहब्बत हूँ।

---

(3)

ऐसी एक घटना का ज़िक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख अयाज़ ने अपनी आत्मकथा में किया है। उन्होंने लिखा है-'एक दिन उनके पिता कुएँ से नहाकर लौटे। माँ ने भोजन परोसा। उन्होंने जैसे ही रोटी का कौर तोड़ा उनकी नज़र अपनी बाजू पर पड़ी। वहाँ एक काला च्योंटा रेंग रहा था। वह भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए।' माँ ने पूछा- 'क्या बात है? भोजन अच्छा नहीं लगा?' शेख अयाज़ के पिता बोले- 'नहीं, यह बात नहीं है। मैंने एक घर वाले को बेघर कर दिया है। उसे बेघर को कुएँ पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ।'

बाइबिल और दूसरे पावन ग्रंथों में नूह नाम के एक पैगंबर का ज़िक्र मिलता है। उनका असली नाम लशकर था, लेकिन अरब ने उनको नूह के लकब से याद किया है। वह इसलिए कि आप सारी उम्र रोते रहे। इसका कारण एक जख्मी कुत्ता था। नूह के सामने से एक बार एक घायल कुत्ता गुज़रा। नूह ने उसे दुत्कारते हुए कहा- 'दूर हो जा गंदे कुत्ते!' इस्लाम में कुत्तों को गंदा समझा जाता है। कुत्ते ने उनकी दुत्कार सुनकर जवाब दिया... 'न मैं अपनी मर्जी से कुत्ता हूँ, न तुम अपनी पसंद से इनसान हो। बनाने वाला सबका तो वही एक है।'

Question 1.
'शेख अयाज़' के साथ कुएँ पर नहाते समय क्या हुआ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- किसी तरह से एक काला च्योंटा उनकी बाजू पर रह गया।
- उनको लगा कि मैंने एक घर पर है वाले को बेघर कर दिया।

---

Question 2.
शेख अयाज़ रोटी छोड़कर कहाँ पहुँचे? और क्यों ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- वे रोटी छोड़कर कुएँ पर गए।
- उन्होंने उस च्योंटे को उसके घर में छोड़ दिया।

---

Question 3.
'लशकर' को किस नाम से याद किया जाता है ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- नूह के नाम से।

---

Question 4.
नूह की क्या विशेषता बताई गई है ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- वे जीवन-भर रोते रहे थे।

---

Question 5.
नूह के जीवन भर रोने का क्या कारण था?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- उन्होंने एक कुत्ते को गंदा कह दिया था।
- कुत्ते के यह कहने पर कि न मैं अपनी मर्जी से कुत्ता हूँ और न तुम अपनी मर्जी से इनसान हो, बहुत दुःख हुआ।
- आत्मग्लानि के कारण वे जीवन भर रोते रहे।

---

(4)

कई सालों से बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेल कर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे। बेचारा समंदर लगातार सिमटता जा रहा था। पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगें समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया। फिर जगह कम पड़ी तो उकडूं बैठ गया। फिर खड़ा हो गया... जब खड़े रहने की जगह कम पड़ी तो उसे गुस्सा आ गया। जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है। परंतु आता है तो रोकना मुश्किल हो जाता है, और यही हुआ, उसने एक रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाजों को उठाकर बच्चों की गेंद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया। एक वर्ली के समंदर के किनारे पर आकर गिरा, दूसरा बांद्रा में कार्टर रोड के सामने औंधे मुँह और तीसरा गेट-वे ऑफ़ इंडिया पर टूट-फूटकर सैलानियों का नज़ारा बना। बावजूद कोशिश, वे फिर से चलने-फिरने के काबिल नहीं हो सके।

Question 1.
बड़े-बड़े बिल्डर क्या कर रहे हैं और क्यों?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- वे समुद्र को पीछे धकेलकर उसकी ज़मीन हथिया रहे थे
- वे उस ज़मीन पर बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें बनाना चाहते थे।

---

Question 2.
समुद्र को गुस्सा क्यों आया?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- बिल्डर धीरे-धीरे समुद्र की जमीन हथिया रहे थे।
- अब समुद्र की सहन-शक्ति से परे की बात हो गई थी।

---

Question 3.
बड़ों का गुस्सा कैसा होता है?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- बड़ों को गुस्सा बहुत कम आता है।
- परंतु जब उनकी सहनशक्ति से परे हो जाए तो उनका गुस्सा विकराल रूप धारण कर लेता है।

---

Question 4.
समुद्र ने गुस्से में आकर क्या किया?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- उसने अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाज़ों को गेंद की तरह उठाकर फेंक दिया।

---

Question 5.
वे तीनों जहाज़ कहाँ-कहाँ गिरे ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- एक वर्ली के समुद्र के किनारे पर।
- दूसरा बांद्रा के कार्टर रोड के सामने।
- तीसरा गेट-वे ऑफ इंडिया पर।

(5)

ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को काफ़ी कुछ बदल दिया है। वीवा में जहाँ आज मेरा घर है, पहले यहाँ दूर तक जंगल था। पेड़ थे, परिंदे थे और दूसरे जानवर थे। अब समंदर के किनारे लंबी-चौड़ी बस्ती बन गई है। इस बस्ती ने न जाने कितने परिदों-चरिंदों से उनका घर छीन लिया है। इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं। जो नहीं जा सके हैं, उन्होंने यहाँ-वहाँ डेरा डाल लिया है। इनमें से दो कबूतरों ने मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है। बच्चे अभी छोटे हैं। उनके खिलाने-पिलाने की ज़िम्मेदारी अभी बड़े कबूतरों की है। वे दिन में कई-कई बार आते-जाते हैं। और क्यों न आएँ-जाएँ, आखिर उनका भी घर है। लेकिन उनके आने-जाने से हमें परेशानी भी होती है। वे कभी किसी चीज़ को गिराकर तोड़ देते हैं। कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्जा गालिब को सताने लगते हैं। इस रोज़-रोज़ की परेशानी से तंग आकर मेरी पत्नी ने उस जगह जहाँ उनका आशियाना था, एक जाली लगा दी है, उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया है। उनके आने की खिड़की को भी बंद किया जाने लगा। खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं। मगर अब न सोलोमन है जो उनकी जुबान को समझकर उनका दुख बाँटे, न मेरी माँ है, जो इनके दुखों से सारी रात नमाज़ों में काटे।

Question 1.
लेखक ने ग्वालियर से मुंबई तक क्या बदलाव देखा?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- ग्वालियर में पर्यावरण इतना प्रदूषित नहीं था जितना आज मुंबई में है।
- ग्वालियर में घर बड़े थे। पक्षी भी घर पर अपना अधिकार समझते थे।
- मुंबई में डिब्बेनुमा फ्लैट हैं जिनमें पशु तो क्या पक्षी भी नहीं आ सकते।

---

Question 2.
जहाँ अब लेखक का घर है, पहले वहाँ क्या था?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- जंगल था।
- पक्षियों के बसेरे थे, एवं दूसरे जानवर भी थे।

---

Question 3.
मनुष्य ने प्रकृति के साथ क्या किया है?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- मनुष्य ने प्रकृति का दोहन किया है।
- उसके साथ खिलवाड़ किया है।
- मनुष्य इस धरती पर केवल अपना ही अधिकार समझता है।

---

Question 4.
कबूतरों के आने-जाने से लेखक को क्या परेशानी होती है ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- वे किसी भी चीज़ को गिरा कर तोड़ देते हैं।
- किताबों पर बैठकर उन्हें गंदा कर देते हैं।

---

Question 5.
रोज़-रोज़ की परेशानी से तंग आकर लेखक की पत्नी ने क्या किया ? उसका क्या परिणाम हुआ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- उन्होंने उनके आने-जाने के रास्ते को बंद कर दिया।
- खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर खामोश बैठे रहते हैं।
- अब यहाँ उनकी जुबान को समझने वाला कोई नहीं है।

---

विषय-बोध पर आधारित प्रश्न

Question 1.
सोलोमन किन के राजा थे? उनकी क्या विशेषता थी?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- सोलोमन मनुष्य जाति के साथ-साथ पशु-पक्षियों के भी हाकिम थे।
- वे सभी जीव-जंतुओं की भाषा समझते थे।

---

Question 2.
शेख अयाज़ कौन थे? उनके साथ क्या घटना घटी?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- शेख अयाज़ सिंधी भाषा के महाकवि थे।
- कुएँ पर नहाते समय एक च्योंटा उनके शरीर पर चढ़ गया।
- वे वापस उसको वहीं छोड़ने आए।

---

Question 3.
शेख अयाज़ के इस व्यवहार से उनके चरित्र के बारे में क्या पता चलता है?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- वह नेक-दिल इंसान थे।
- प्रत्येक जीव के प्रति उनके मन में दया थी।
- वे एक सच्चे इंसान थे।

---

Question 4.
नूह का जीवन भर रोते रहना क्या सिद्ध करता

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- नूह को अपनी गलती के कारण आत्मग्लानि हुई।
- सभी जीव परमात्मा की इच्छा से जीवन धारण करते हैं।
- हमें सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए।

---

Question 5.
माँ ने बचपन में लेखक को क्या सीख दी थी?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- सूरज ढले आँगन के पेड़ों के पत्ते मत तोड़ें।
- दीयाबत्ती के समय फूलों को मत तोड़ो।
- दरिया पर जाओ तो उसको सलाम करो।

---

Question 6.
मानव जाति ने अपनी बुद्धि का प्रयोग कैसे किया?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- गलत कार्यों में।
- प्रकृति को नुकसान पहुँचाने के लिए।
- सारी धरती को अपने कब्जे में करने के लिए।

---

Question 7.
बड़े-बड़े बिल्डर समुद्र को पीछे क्यों धकेल रहे थे?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- समुद्र की जमीन को हथियाने के लिए
- बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें बनाने के लिए।

---

Question 8.
प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- अब गरमी में ज्यादा गरमी व सर्दी में ज़्यादा सर्दी होने लगी।
- बेवक्त बरसातें होने लगी।
- भूकंप, बाढ़, तूफान आदि मौसम के असंतुलन का परिणाम है।

---

Question 9.
बढ़ती आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- लोग अपनी आवश्यकताओं के लिए जंगल काट रहे हैं।
- जंगल कटने से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है।
- मौसम असंतुलन के कारण प्राकृतिक आपदाएँ आती हैं।

---

Question 10.
डेरा डालने से आप क्या समझते थे?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- किसी स्थान को कुछ दिन के लिए अपना निवास स्थान बना लेना।

---